HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
AT JODHPUR

S.B. Civil Writ Petition No. 14121/2026
CNR: RJHC010647792026
URN: CW / 25769U / 2026

1. Ramesh Chand Sanbhariya S/o Shri Nand Lal, Aged About 41 Years, R/o Bus Stand, Mendwas, District Jaipur. (Subject - Yoga).
2. Heera Lal Teli S/o Laxmi Narayan, Aged About 39 Years, R/o B-3, Somnath Vihar, Nimbahera, District Chittorgarh. (Subject-Botany).

----Petitioners

Versus

1. Govind Guru Tribal University, Banswara, Rajasthan, Through Its Registrar.
2. Registrar, Govind Guru Tribal University, Banswara, Rajasthan.

----Respondents

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Divyansh Solanki with<br>Dr. Nikhil Dungawat, Adv. |
| For Respondent(s) | : | |

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**<u>Judgment / Order</u>**

**<u>13/07/2026</u>**

विद्वान अधिवक्ता याचीगण का निवेदन है कि याचीगण को अयाची विश्वविद्यालय द्वारा अतिथि व्याख्याता के रूप में सत्र 2025–2026 के लिए संविदा पर नियुक्त किए गए थे तथा वे नियुक्ति हेतु पूर्ण पात्रता रखते थे, अब अयाची विभाग द्वारा पुनः इसी पद के लिए अतिथि व्याख्याता के रूप में अन्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित करते हुए चयन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस संबंध में D.B. Civil Writ Petition No. 10405/2026 डॉ. नरेन्द्र सिंह बनाम राजस्थान राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक 11.06.2026 तथा D.B. Special Appeal Writ No. 1329/2025 डॉ. सुनिल बिश्नोई व अन्य बनाम राजस्थान राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक 15.04.2026 पर आधारित

होते हुए निवेदन किया कि संविदा पर नियुक्त अतिथि व्याख्याता को अन्य संविदाकर्मी के माध्यम से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है।

सम्पूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए अयाचीगण को आगामी आदेश तक पाबंद किया जाता है कि वे याचीगण को अन्य संविदाकर्मी के माध्यम से प्रतिस्थापित करते हुए उनकी सेवा समाप्त नहीं करें, लेकिन नियमित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से पात्र व्यक्तियों का चयन होने पर याचीगण की सेवा समाप्त की जा सकेगी।

यह अंतरिम आदेश मात्र आगामी तारीख पेशी तक प्रभावी होगा तथा अयाचीगण के उपस्थित आने पर उन्हें सुनकर आवश्यकतानुसार नये सिरे से अंतरिम/अंतिम आदेश आगामी तारीख पेशी पर पारित किया जाएगा।

अयाचीगण को नियमानुसार नोटिस जारी किया जावे।

प्रकरण तीन सप्ताह बाद सूचीबद्ध किया जावे।

**(UMA SHANKER VYAS),J**

14-Kumawat